आकाशवाणी केन्द्र शिमला

13.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

उपमुख्यमंत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज चंबा ज़िला के डलहौजी विधानसभा क्षेत्र में 21 करोड़ से अधिक की 2 महत्वपूर्ण विकासात्मक परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। इनमें डलहौजी के बनीखेत कस्बे में बाढ़ नियंत्रण कार्य का शिलान्यास और प्रसिद्ध शक्ति स्थल माता भलेई मंदिर में नवनिर्मित उठाऊ पेयजल योजना का लोकार्पण शामिल है। इस अवसर पर उप–मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बुनियादी सुविधाओं की पहुंच व विस्तार को प्रदेश के सभी सुदूर क्षेत्रों तक सुनिश्चित बना रही है।

नशा–मुक्त अभियान

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि युवा देश व प्रदेश का भविष्य हैं और केवल ऊर्जावान युवाओं से ही समृद्ध राष्ट्र की कल्पना संभव है। नशा मुक्त भारत अभियान की पाँचवीं वर्षगांठ पर आज शिमला में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने विभिन्न कॉलेजों के एन.एस.एस., एन.सी.सी. और स्काउट एंड गाईड के छात्रों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को देश व प्रदेश को नशा मुक्त बनाने की शपथ दिलाई। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई है और इसे भविष्य में भी जारी रखा जाएगा।

राजीव भारद्वाज

केंद्रीय पंचायतीराज राज्य मंत्री एस.पी.सिंह बघेल ने बताया है कि हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत अब तक कुल 2 लाख 28 हज़ार 4 सौ 22 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज के एक सवाल के जवाब में संसद में उन्होंने ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्र प्रायोजित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत वर्ष 2022–23 से 2025–26 तक कुल 5 हज़ार 9 सौ 11 करोड़ रूपये खर्च किए जाएंगे, जिसमें से 3 हज़ार 7 सौ करोड़ रूपए केंद्र सरकार द्वारा जबकि 2 हज़ार 2 सौ 11 करोड़ रूपये राज्य सरकारें वहन करेंगी।

वित्तीय समावेशन

केंद्र सरकार के राष्ट्रव्यापी वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के तहत हिमाचल प्रदेश में पिछले 43 दिनों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। बैंकर्ज़ समिति के हिमाचल प्रदेश संयोजक व यूको बैंक के उप–महाप्रबंधक विवेक कुमार मिश्रा ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता के दौरान ये जानकारी देते हुए बताया कि इस अवधि में एक हज़ार 6 सौ 18 शिविरों का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से 2 हज़ार 5 सौ 31 नए प्रधानमंत्री जन–धन खाते खोले गए, जबकि 8 हज़ार 9 सौ 74 नागरिकों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और 16 हज़ार 9 सौ 89 को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में पंजीकृत किया गया है।

स्वतंत्रता दिवस

15 अगस्त को उन्यासीवें स्वतंत्रता दिवस का राज्य स्तरीय समारोह मंडी ज़िला के सरकाघाट में मनाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू स्वतंत्रता दिवस के समारोह की अध्यक्षता करेंगे और भव्य परेड की सलामी लेंगे। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ऊना में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगे। वहीं उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर ज़िला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इसी तरह अन्य ज़िलों में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किए जाएंगे।

---